# AMRITA VIDYALAYAM

## AMRITA PRE BOARD EXAMINATION 2019 - 20

**Class : X** **Marks : 80**
**Time : 3 hrs**

# हिन्दी

सामान्य निर्देशः
इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15–20 शब्दों में लिखिए।
दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए।
तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिए।
पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120–150 शब्दों में लिखिए।

## खण्ड – क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

यदि मनुष्य और पशु के बीच कोई अंतर है तो केवल इतना कि मनुष्य के भीतर विवेक है और पशु विवेकहीन है। इसी विवेक के कारण मनुष्य को यह बोध रहता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। इसी विवेक के कारण मनुष्य यह समझ पाता है कि केवल खाने-पीने और सोने में ही जीवन का अर्थ और इति नहीं। केवल अपना पेट भरने से ही जगत के सभी कार्य सम्पन्न नहीं हो जाते और यदि मनुष्य को जन्म मिला है तो केवल इसी चीज का हिसाब रखने के लिए नहीं कि इस जगत ने उसे क्या दिया है और न ही यह सोचने के लिए कि यदि इस जग ने उसे कुछ नहीं दिया तो वह इस संसार के भले के लिए क्या क्यों करे। मानवता का बोध करानेवाले इस गुण विवेक की जननी का नाम शिक्षा है। शिक्षा जिसके अनेक रूप समय के परिवर्तन के साथ इस जगत में बदलते रहते हैं, वह जहाँ कहीं भी विद्यमान रही है सदैव अपना कार्य करती रही है। यह शिक्षा ही है जिसकी धुरी पर यह संसार चलायमान है। विवेक से लेकर विज्ञान और ज्ञान की जन्मदात्री शिक्षा ही तो है। शिक्षा हमारे भीतर विद्यमान वह तत्व है जिसके बल पर हम बात करते हैं, कार्य करते हैं, अपने मित्रों और शत्रुओं की सूची तैयार करते हैं, उलझनों को सुलझनों में बदलते हैं। असल में सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को ही शिक्षा कहते हैं। शिक्षा उन तथ्यों का तथा उन तरीकों का ज्ञान कराती है जिन्हें हमारे पूर्वजों ने खोजा था – सभ्य तथा सुखी जीवन बिताने के लिए और आज यदि हम सुखी जीवन बिताना चाहते हैं तो हमें उन तरीकों को सीखना होगा, उन तथ्यों को जानना होगा जिन्हें जानने के लिए हमारे पूर्वजों ने निरंतर सदियों तक शोध किया है जो

केवल शिक्षा के द्वारा ही संभव है।

क. मनुष्य और पशु के बीच क्या अंतर है? विवेकशील होने से मनुष्य को क्या लाभ है? **2**

ख. मनुष्य का जन्म किसका हिसाब रखने तथा क्या सोचने के लिए नहीं हुआ है? **2**

ग. संसार किसकी धुरी पर चलायमान है और कैसे? **2**

घ. शिक्षा हमें किन तथ्यों तथा तरीकों का ज्ञान कराती है? ये सुखी जीवन बिताने में किस प्रकार सहायक है? **2**

ङ. मानवता का बोध करानेवाले गुण विवेक की जननी का नाम क्या है? **1**

च. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **1**

## खण्ड – ख

**2. रेखांकित शब्द, शब्द है या पद? बताइए।** **1**

सीता पढ़ रही है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।** **3**

क. यदि तुम परिश्रम नहीं करोगे तो तुम्हें सफलता नहीं मिलेगी। (सरल वाक्य में)

ख. उसको काम न आने के कारण कोई नौकरी नहीं देता। (संयुक्त वाक्य में)

ग. कार्य समाप्त करके मजदूर अपने घर चले गए। (मिश्र वाक्य में)

**4.(i) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए।** **2**

राजपुत्र, शरणागत

**(ii) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।** **2**

महान है जो आत्मा, माता और पिता

**5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** **4**

क. मेरे को आज यहीं रहना है।

ख. मैं मेरे घर जात है।

ग. एक सुरीले गीतों की पुस्तक चाहिए।

घ. गुरुजी से हिंदी पढ़ाई है।

**6. उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए।** **4**

क. भारत के वीर सिपाहियों का सामना करना -------- है।

ख. सोहन के कक्षा में प्रथम आने पर उसके पिता ---------।

ग. हमें कठिनाइयों के आगे ----------- चाहिए।

घ. वीर संतानों ने सिर पर ----------- ही देश की रक्षा की।

## खण्ड – ग

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए। 6**

क. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोजा क्यों रखा?

ख. वृजलाल गोयनका किस प्रकार पकड़े गए? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बतादए।

ग. घुड़सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?

घ. दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया?

**8.** बड़े भाई साहब पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है? क्या आप उनके विचार से सहमत हैं? 80–100 शब्दों में लिखिए। **5**

अथवा

गिन्नी का सोना पाठ में क्या संदेश दिया गया है? 80–100 शब्दों में लिखिए।

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए। 6**

क. बिहारी कवि ने 'जगतु तपोबन सौ कियौ', ऐसा क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

ख. कर चले हम फिदा कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

ग. पर्वत प्रदेश में पावस के आधार पर लिखें कि प्रकृति पल पल अपना रूप किस प्रकार बदल रही है?

घ. कबीर के अनुसार ईश्वर की प्राप्ति किस प्रकार की जा सकती है?

**10.** आपके विचार से क्या मीरा की कृष्ण-भक्ति आज के युग में प्रासंगिक है? 80–100 शब्दों में तर्क सम्मत टिप्पणी कीजिए। **5**

अथवा

मनुष्यता कविता में किन परोपकारी पुरुषों का उल्लेख किया गया है? उनके जीवन से हम क्या प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं? 80–100 शब्दों में लिखिए।

**11.**क. टोपी जहीन (बुद्धिमान) होने के बावजूद कक्षा में दो फेल हो गया। जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से हार मान लेना कहाँ तक उचित है? अपने विचार 60–70 शब्दों में लिखिए। **3**

ख. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ कैसे रखते हैं? कहानी के आधार पर 60–70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **3**

## खण्ड – घ

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6**

क. देश प्रेम।

- देश के प्रति प्रेमभाव

• बलिदान की भावना
• भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संघर्ष करना
• देश की छवि उज्जवल करने का प्रयास

ख. भाग्य और कर्म।
• आलस्य और भाग्यविधाता
• कर्मठता एवं स्वावलम्बन
• मनुष्य की पहचान कर्म से
• उपसंहार

ग. आज की बचत, कल का सुख।
• बचत का अर्थ
• कारण
• महत्तव व सुख
• भविष्य सुरक्षित

**13.** आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य से खेलों का और अधिक सामान मँगाने के लिए निवेदन करते हुए एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए। आप अपने आपको खेल-परिषद की सेक्रेटरी के रूप में प्रस्तुत कीजिए। **5**

अथवा

अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय खोलने की प्रार्थना करते हुए शिक्षा विभाग के सचिव को एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए।

**14.** आपके विद्यालय में एक विद्यार्थी को एक पर्स मिला है जिसमें रुपये, चाबी आदि हैं। इसकी सूचना देने के लिए अनुशासन अधिकारी की ओर से सूचना-पट पर लिखने के लिए 40-50 शब्दों में सूचना का प्रारूप लिखिए। **5**

अथवा

आप एस.एस.एम. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। कक्षाओं में कुछ बच्चे सेलफोन लाते हैं। इस पर प्रतिबंध लगाने हेतु सूचना 40-50 शब्दों में जारी कीजिए।

**15.** परीक्षा की तैयारी को लेकर विनीत और प्रीति के बीच वार्तालाप 50-60 शब्दों में लिखिए। **5**

अथवा

फास्ट फूड खाने के बारे में अनुज और मम्मी के बीच होनेवाली बातचीत को लगभग 50-60 शब्दों में संवाद शैली में प्रस्तुत कीजिए।

**16.** आपके शहर में साड़ियों की सेल लगी है। इसके लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

अथवा

गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।